
NDTV इंडिया

# मुंबई पुलिस ने नकली नोटो के रैकेट का किया भंडाफोड़, एक अरेस्ट,बाकियों की तलाश जारी




मुंबई की कालाचौकी पुलिस ने कॉटन ग्रीन इलाके में एक बड़ी कारवाई करते हुए 25 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं. ये कई बंडलों में 500-500 रुपये के नकली नोटों के रूप में भरे हुए थे. इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान अंकित दीनानाथ पाराशर के रूप में हुई है. इसके अलावा पुलिस आरोपी समा हुसैन लतीफ,कबीर और रंजीत बेरा के रूप की तलाश में जुटी है. इस मामले में अब पुलिस नकली नोटों के रैकेट के मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है.

मुंबई की कालाचौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- इस मामले में शिकायतकर्ता दीपक पुरुषोत्तम जाधव (31) को आरोपी कबीर और नवाब मोकर ने संपर्क किया और कहा कि उनके पास 500 रुपये के नकली नोट हैं, जिन्हें स्कैन और कैश डिपॉजिट एटीएम मशीन से आसानी से गुजारा जा सकता है. उसे इसके लिए 1 लाख रुपए देने होंगे. शिकायतकर्ता ने आरोपियों की इस गतिविधि की सूचना पुलिस अधिकारी को दी,इस जानकारी के मिलने के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने चार टीमों का गठन किया.

Source: https://ndtv.in/crime-news/mumbai-police-busted-fake-currency-racket-8808158